प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

31 अक्तूबर 2024

**बैंक ऋण का क्षेत्रवार अभिनियोजन – सितंबर 2024**

सितंबर 2024[1] महीने के लिए 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्रवार अभिनियोजन संबंधी आंकड़े, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 95 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[2] सितंबर 2024[3] में 14.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जो एक वर्ष पहले 15.3 प्रतिशत था।

**बैंक ऋण[3] के क्षेत्रवार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :**

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों हेतु प्रदत्त ऋण सितंबर 2024 में 16.4 प्रतिशत (व-द-व) की संवृद्धि के साथ मजबूत बना रहा, जो सितंबर 2023 में 16.7 प्रतिशत था।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में संवृद्धि सितंबर 2024 में बढ़कर 9.1 प्रतिशत (व-द-व) हुई, जो एक वर्ष पहले 6.0 प्रतिशत थी। औद्योगिक ऋण संवृद्धि में सुधार 'सूक्ष्म और लघु', 'मध्यम' और 'बड़े' उद्योगों में व्यापक-आधारित था। प्रमुख उद्योगों में, ‘रसायन और रासायनिक उत्पाद’, ‘खाद्य प्रसंस्करण’, ‘पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद तथा परमाणु ईंधन’ और ‘सभी इंजीनियरिंग’ हेतु प्रदत्त ऋण में सितंबर 2024 में एक वर्ष पहले की उनकी संबंधित संवृद्धि दरों की तुलना में उच्चतर संवृद्धि दर्ज की गई, जबकि ‘मूल धातु और धातु उत्पाद’ एवं ‘कपडा‘ हेतु प्रदत्त ऋण की संवृद्धि में कमी आई।
- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में संवृद्धि सितंबर 2024 में कम होकर 15.2 प्रतिशत (व-द-व) रह गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 21.6 प्रतिशत थी, जो मुख्य रूप से ‘गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)’ हेतु प्रदत्त ऋण में संवृद्धि के कम होने के कारण से थी। तथापि, खंड के भीतर, इस अवधि के दौरान ‘वाणिज्यिक स्थावर संपदा’ हेतु प्रदत्त ऋण में सितंबर 2024 में संवृद्धि (व-द-व) में तेजी आई।
- वैयक्तिक ऋणों में संवृद्धि सितंबर 2024 में कम होकर 16.4 प्रतिशत (व-द-व) रह गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 18.2 प्रतिशत थी, जो मुख्यत: ‘अन्य वैयक्तिक ऋणों’ और ‘वाहन ऋणों’ एवं ‘क्रेडिट कार्ड बकाया’ की संवृद्धि में कमी आने के कारण थी। तथापि, ‘आवास’ – इस खंड का सबसे बड़ा घटक – ने तेज संवृद्धि दर्ज की।

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1407**

---

[1] आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा-42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

[3] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को छोड़कर।